भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-258
उत्तर देने की तारीख-05/02/2024

उत्तर प्रदेश में नए केंद्रीय विद्यालयों की स्थापना

258. श्रीमती डिम्पल यादव:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में नए केन्द्रीय विद्यालय स्थापित करने के संबंध में कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुआ हैद और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार मैनपुरी में नया केंद्रीय विद्यालय स्थापित करने पर विचार कर रही है;
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हे और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और
(घ) इस संबंध में सरकार द्वारा अन्य क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अन्नपूर्णा देवी)

(क) से (घ) नए केंद्रीय विद्यालय (केवी) स्थापित एक सतत प्रक्रिया है। केवी पूरे देश में शिक्षा का एक साझा कार्यक्रम संचालित कर मुख्य रूप से रक्षा और अर्ध-सैन्य कर्मियों, केंद्रीय स्वायत्त निकायों, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) और केंद्रीय उच्चतर शिक्षा संस्थान (आईएचएल) सहित केंद्र सरकार के स्थानांतरणीय कर्मचारियों के बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए स्थापित जाते हैं। नये केंद्रीय विद्यालय स्थापित करने के प्रस्ताव को भारत सरकार के मंत्रालयों अथवा विभागों/राज्य सरकारो/संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) प्रशासनों द्वारा इस प्रतिबद्धता के साथ कि मौजूदा प्रक्रियाओं के अनुसार नये केद्रिय विद्यालय स्थापित करने के लिए भूमि और अस्थायी आवास सहित पर्याप्त संसांधन उपलब्ध कराएंगे, प्रायोजित किया जा सकता है।

केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) से प्राप्त जानकारी के अनुसार, उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में एक नया केवी स्थापित करने का प्रस्ताव केवीएस को प्राप्त हुआ है। मैनपुरी में एक नए केवी की स्थापना का प्रस्ताव मौजूदा प्रक्रियाओं के अनुसार सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के अध्यधीन है।

*****